06/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, प्रधान मंत्री ने नए जम्मू रेलवे डिवीजन का उद्घाटन किया। जम्मू रेलवे डिवीजन के निर्माण से जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों को काफी लाभ होगा, जिससे लोगों की लंबे समय से लंबित आकांक्षा पूरी होगी। श्री मोदी ने तेलंगाना में चार्लापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का भी उद्घाटन किया और पूर्वी तट रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना और ओडिशा में रेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के शुभारंभ से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास में वृद्धि होगी।

0000000000000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पंचायत से संसद 2.0 कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पंचायती राज संस्थानों की लगभग पांच सौ निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थानों से अनुसूचित जनजातियों की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना और प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय

प्रक्रियाओं और शासन के बारे में उनके ज्ञान को बढ़ाना है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा, पंचायती राज संस्थाएं गांवों के विकास की दिशा में काम कर रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार कर रही हैं।

0000000000000000000000

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों का पता चलने की पुष्टि की है, जिनकी पहचान श्वसन वायरल रोगजनकों के लिए नियमित निगरानी के माध्यम से की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि देश भर में श्वसन संबंधी बीमारियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईसीएमआर के चल रहे प्रयासों के तहत इन मामलों का पता चला है। आईसीएमआर ने इस बात पर जोर दिया कि इन दो मामलों का पता चलने के बावजूद, देश में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी या गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के मामलों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। इस बीच, बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली और कर्नाटक समेत कई राज्यों ने वायरस को फैलने से रोकने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

0000000000000000000000

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग ने आज गुवाहाटी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों की बैठक आयोजित की। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और पूर्वोत्तर राज्यों के अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मंत्री ने पच्चास प्रभावशाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत पच्चास करोड़ रुपये है, जिसमें 38.63 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा भी शामिल है। इन पहलों को क्षेत्र के मत्स्य पालन बुनियादी ढांचे, उत्पादकता और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेंन ने आज शि-योमी जिले के मेचुका में हाई मास्त नेशनल फ्लेग फहराने के अवसर पर, मेचुखा टाउनशिप की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यारग्याप्चू नदी पर 4.5 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी देने का आश्वासन दिया है। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में क्षेत्र में भारतीय सेना, विशेष रूप से भारतीय सेना के 13वें ग्रेनेडियर्स एवं आईटीबीपी के उत्कृष्ट कार्य को स्वीकारते हुए अपनी समग्र अनुभव के लिए गहरी प्रशंसा साझा की। पांच दिवसीय यात्रा के दौरान, श्री मेंन ने क्षेत्र में प्रमुख विकास परियोजनाओं का निरीक्षण और साइट का दौरा भी किया। भारतीय सेना के 13वें ग्रेनेडियर्स द्वारा आयोजित यह समारोह क्षेत्र के लिए गौरव और एकता का एक महत्वपूर्ण क्षण है।

0000000000000000000000

मत्स्य पालन मंत्रालय एवं विभाग आज असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों की एक बैठक आयोजित कर रहा है जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करना हैं। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के मंत्री राजीव

रंजन सिंह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री गेब्रियल डेनवांग वांगसू सहित पूर्वोत्तर राज्य के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री पीएमएमएसवाई के तहत लगभग पच्चास करोड़ रुपये की लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

0000000000000000000000

ईटानगर पुलिस के एक टीम द्वारा एक महीने तक चली गहन तलाशी अभियान के बाद राजधानी क्षेत्र ईटानगर में कई चोरी के मामलों में शामिल अपराधियों के एक गिरोह को गिरफ्तारा किया गया है। राजधानी पुलिस द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस गिरोह की आपराधिक गतिविधियाँ कई महीनों तक चलीं। गिरोह का पता लगाने के लिए पुलिस ने तकनीकी निगरानी के साथ ही स्थानीय खुफिया जानकारी के संयोजन का इस्तेमाल करने पर यह पता चला कि, संदिग्ध ईटानगर में चोरियां करते रहे और पुलिस से बचने के लिए पश्चिम बंगाल जैसे अन्य राज्यों में भागने लगे। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने, तीन जनवरी 2025 को एसबीआई ईटानगर के पास से दो संदिग्धों को पकड़ा और उनके कबूलनामे के आधार पर तीसरे संदिग्ध को हारमोती रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

0000000000000000000000

आईसीआर नाहरलागुन पुलिस नशीली दवाओं के खतरे से निपटने और युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से बचाने के अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए, इंस्पेक्टर कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने कल अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, जी-सेक्टर, नाहरलागुन में संदिग्ध के आवास पर त्वरित छापेमारी की। तलाशी के दौरान, आरोपी के पास मौजूद एक काले रंग के हैंडबैग में से 56.8 ग्राम वजन के गांजे के चार पाउच बरामद किए गए। आवास की गहन तलाशी में 1055 ग्राम वजन के संदिग्ध गांजे के 81 पाउच और 250 खाली प्लास्टिक पाउच मिले, जो आगे वितरण की तैयारी का संकेत देते हैं। मजिस्ट्रेट एवं अन्य गवाहों की मौजूदगी में एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल 1111.8 ग्राम संदिग्ध गांजे जब्त कर सील कर दिया गया हैं।

0000000000000000000000